RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 सैफ मामले से आलिया ने लिया...

वर्ष : 27 | अंक : 74 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 05 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# अंसल ग्रुप पर ताबड़तोड़ एक्शन

## मुख्यमंत्री योगी की सख्ती के बाद लखनऊ व गाजियाबाद में एफआईआर





**लखनऊ /गाजियाबाद (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के 24 घंटे के अंदर ही अंसल ग्रुप पर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू हो गया है। सीएम योगी के निर्देश के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) ने अंसल एपीआई के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार देर रात गोमतीनगर थाने में अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के मालिक सुशील अंसल और उनके बेटे प्रणव अंसल सहित कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। यह तहरीर एलडीए के अमीन अर्पित शर्मा ने दी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अंसल कंपनी ने टाउनशिप के लिए निर्धारित भूमि से कहीं अधिक भूमि पर अवैध रूप से टाउनशिप का निर्माण किया। वहीं गाजियाबाद में भी अंसल ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### गाजियाबाद में अंसल ग्रुप पर एफआईआर

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद अंसल ग्रुप की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लखनऊ में अंसल ग्रुप पर एफआईआर के बाद अब गाजियाबाद में भी अंसल ग्रुप के निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सुपरवाइजर प्रवर्तन जोन-5 सुखबीर सिंह चौहान ने दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि गाजियाबाद (शेष पृष्ठ-4 पर)

### FIR में शामिल नाम और आरोप

"मुकदमा अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रमोटर्स सुशील अंसल, उनके बेटे प्रणव अंसल, निदेशक विनय कुमार सिंह और अन्य पर दर्ज किया गया है। इन पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया गया है और कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, धोखाधड़ी और अन्य अपराध शामिल हैं। अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रा लिमिटेड के प्रमोटर्स प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फ्रांसेट पैट्रिका एटकिंसन और विनय कुमार सिंह (निदेशक) के खिलाफ घर खरीदारों को ठगने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। लखनऊ के गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में बीएनएस की धारा 316(5), 318(4), 61(2), 352, 351(2), 338, 336(3), 340(2), 111 और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 लगाई गई है।

### नाकामी छुपाने का हथकंडा : अखिलेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में अंसल ग्रुप के जरिए समाजवादी पार्टी पर लगाए गए आरोपों को जवाब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है। उन्होंने एक्स पर मुख्यमंत्री का एक वीडियो पोस्ट करते हुए लम्बी-चौड़ी पोस्ट लिखी है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने (ट्वीटर) एक्स पर लिखा है कि अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जब लोग किसी और का नाम लेते हैं तो भूल जाते हैं कि उसी के नाम से बनी सिटी में स्थित मॉल और हॉस्पिटल का उन्होंने ही उद्घाटन किया था और उसी विशाल परिसर में बने एक नये होटल में G-20 के मेहमान आपने ही ठहराए थे और वही वो जगह है जहाँ अरबों रुपए का सच्चा इंवेस्टमेंट आया। निवेशकों पर आरोप लगाकर हतोत्साहित करने से न तो निवेश का विकास होगा, न ही प्रदेश का। उप्र के सभी (शेष पृष्ठ-4 पर)

## डॉ. उमा शर्मा नेशनल एवार्ड से सम्मानित

### ब्रिक्स सीसीआई के 5वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हुई घोषणा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित 5वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।




इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं द्वारा किए गये सर्वश्रेष्ठ कार्यो को देखते हुए कैलाश अस्पताल समूह की चेयरमैन डा. उमा शर्मा को नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमती स्मृति ईरानी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मायावती ने आकाश आनंद को नेशनल कॉडिनेटर के पद से हटाया

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कॉडिनेटर के पद से हटा दिया है। मायावती ने दो दिन पूर्व ही अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कॉडिनेटर बनाया था। मायावती के इस फैसले ने एक बार फिर सबको चौंका दिया है।



आपको बता दें कि बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। आकाश आनंद के एक टवीट से नाराज होकर मायावती ने फैसला लिया था। आज फिर मायावती ने अपने भाई व आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को नेशनल कॉडिनेटर के पद से हटा दिया है। आनंद कुमार पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रहेंगे। मायावती ने नेशनल कॉडिनेटर की जिम्मेदारी रणधीर बेनीवाल को सौंपी है।

## उत्तर प्रदेश में 41 पीसीएस अफसरों के तबादले




**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों और मंडलों में प्रशासनिक सुधारों के तहत 41 PCS अफसरों के ट्रांसफर की सूची जारी की है। इस फेरबदल में अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। राज्य सरकार के सूत्रों के मुताबिक जल्द ही अन्य अधिकारियों के भी तबादले किए जाएंगे।

प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 41 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इस तबादला सूची के तहत जैनेंद्र सिंह को एडीएम प्रशासन देवरिया, दिनेश को मुख्य राजस्व अधिकारी मऊ, पूर्णिमा सिंह को एडीएम प्रशासन बरेली, भानु प्रताप यादव को अपर आयुक्त सहारनपुर मंडल, अतुल कुमार को अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल, राजीव पांडेय को एडीएम न्यायिक इटावा, मनोज कुमार तिवारी को अपर आयुक्त बस्ती मंडल, विनोद कुमार पांडेय को नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद, संजीव कुमार शाक्य को एडीएम नमामि गंगे प्रयागराज, ज्ञानेश्वर प्रसाद को एडीएम न्यायिक मैनपुरी, खालिद अंजुम को एडीएम न्यायिक सीतापुर, भारत राम को एडीएम न्यायिक बुलंदशहर, अशोक कुमार यादव को एडीएम न्यायिक ललितपुर, संदीप कुमार श्रीवास्तव को एडीएम न्यायिक बदायूं, जंग बहादुर यादव को एडीएम न्यायिक रामपुर, ज्ञान प्रकाश यादव को एडीएम न्यायिक सिद्धार्थनगर, रमेश चंद्र को एडीएम न्यायिक सोनभद्र, नीरज प्रसाद को एडीएम न्यायिक औरैया, रमेश मौर्य को एडीएम न्यायिक एटा, राजेश चंद्र को एडीएम न्यायिक मेरठ, राम आसरे वर्मा को एडीएम न्यायिक सहारनपुर, मंजूर अहमद अंसारी को एडीएम न्यायिक कासगंज, सुशील कुमार यादव को एडीएम न्यायिक मुजफ्फरनगर, जितेंद्र पाल को एडीएम न्यायिक मुरादाबाद, दिग्विजय कुमार सिंह को एडीएम न्यायिक कानपुर देहात, रतन को एडीएम न्यायिक चंदौली, योगेंद्र सिंह को एडीएम न्यायिक जालौन, अनिल कुमार को एडीएम न्यायिक लखीमपुर खीरी, दिनेश कुमार को एडीएम न्यायिक फर्रूखाबाद, अशोक कुमार को एडीएम न्यायिक श्रावस्ती, सौरभ शुक्ला को एडीएम न्यायिक पीलीभीत, रंजीत कुमार को एडीएम न्यायिक अंबेडकरनगर, देश दीपक सिंह को एडीएम न्यायिक बरेली, संजय कुमार सिंह को उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, लवी त्रिपाठी को अपर नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ, आशुतोष राय को अपर नगर आयुक्त नगर निगम मुरादाबाद, अंगद यादव को उप जिलाधिकारी बुलंदशहर बनाया गया है।

## शादी समारोह में लूट में वांछित बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद (एजेंसी)** स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा शादी समारोह में लूट में वांछित बदमाश से हुई मुठभेड़ के दौरान 01 बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश से अवैध शस्त्र तथा चोरी की बाइक तथा लूट के नकद 37 हजार रूपये बरामद हुए।

स्वाट टीम डीसीपी ग्रामीण एवम् थाना अंकुर विहार पुलिस द्वारा लूट में वांछित बाइक सवार बदमाश से हुई मुठभेड़ के दौरान गुड्डू उर्फ शादाब पुत्र शेख अफसर निवासी श्री राम कॉलोनी कच्ची खजुरी दिल्ली मूल निवासी ग्राम नगली नहटौर जिला बिजनौर गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश जनपद गाजियाबाद/दिल्ली से विवाह समारोह में की गई लूट/चोरी में जेल जा चुका है तथा इसके अन्य साथी कुछ दिन पूर्व थाना अंकुर विहार से ही जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पर गाजियाबाद एवं दिल्ली आदि से 02 दर्जन से अधिक लूट एवम् चोरी के मामले में शामिल था।

## गैंगस्टर में वांटेड बदमाश मुठभेड़ में घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना जारचा पुलिस और बाइक सवार शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश की पहचान सागर के रूप में हुई है. जो जारचा थाने से गैंगस्टर एक्ट में वांटेड था और उसके उपर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और लाल रंग की ड्रीम युगा मोटरसाइकिल बरामद हुई है।



एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की गोलियों से घायल सागर को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना जारचा पुलिस की टीम तेल मिल के पास खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। तभी सामने से एक संदिग्ध मोटर साइकिल सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस के रूकने का इशारा वह रूका नही पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए जवाबी कार्यवाही की जिसमें गोली लगने से बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएम के आगमन को लेकर प्राधिकरण ने तेज की तैयारी

### सेक्टर-145 में बन रहा है हैलीपैड, 8 मार्च को आएंगे योगी आदित्यनाथ

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 मार्च को नोएडा आगमन को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने चाक चौबंद तैयारी शुरू कर दी है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने सभी शीर्ष अफ्सरों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। सेक्टर-145 में हैलीपैड भी तैयार किया जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-145 के आसपास सड़कों की रिसरफेसिंग शुरू है। स्वच्छता तथा मरम्मत व रंग-रोगन पर विशेष जोर है। डिवाइडर पर पेंट हो रहा है। मुख्यमंत्री पहले ग्रेटर नोएडा, फिर सड़क मार्ग से नोएडा आएंगे। नोएडा से हेलीकाप्टर से लखनऊ वापस लौटेंगे। इसके लिए सेक्टर-145 में हेलीपैड बन रहा है।







मुख्यमंत्री ग्रेटर नोएडा में सोलर कंपनी का लोकार्पण व भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद नोएडा में अलग-अलग कंपनियों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। यह तीनों कंपनियां नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के आसपास हैं। हालांकि इस बार सीएम नोएडा प्राधिकरण के किसी भी प्रोजेक्ट का शिलान्यास व लोकार्पण नहीं करेंगे। इसके लिए मई में उनका कार्यक्रम तय है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## नोंक-झोंक का असर

अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी। वह भी तब जब ट्रंप अमेरिका फर्स्ट का नारा लगातार लगा रहे हैं। उन्होंने टैरिफ लगाने में गोरे देश कनाडा तथा चीन को भी नहीं बख्शा। भारत के टैरिफ के भेदभाव को लेकर ट्रंप लगातार मुखर रहे हैं। कथित अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका ने जैसा अमानवीय व्यवहार किया,वह किसी से छिपा नहीं है। भारत को अच्छी तरह पता है कि हमारा सदाबहार मित्र रूस अब ट्रंप के करीब है और ब्रिक्स के देश चीन के ज्यादा नजदीक हैं। ऐसे में हमें अपने हितों की रक्षा अपने बूते ही करनी होगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि परन्तु कामदेव की कोई भी कला मुनि पर असर न कर सकी। तब तो पापी कामदेव अपने ही (नाश के) भय से डर गया। लक्ष्मीपति भगवान जिसके बड़े रक्षक हों, भला, उसकी सीमा (मर्यादा) को कोई दबा सकता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तब नारद गवने सिव पाहीं। जिता काम अहमिति मन माहीं॥**
**मार चरति संकरहि सुनाए। अतिप्रिय जानि महेस सिखाए॥**

तब नारदजी शिवजी के पास गए। उनके मन में इस बात का अहंकार हो गया कि हमने कामदेव को जीत लिया। उन्होंने कामदेव के चरित्र शिवजी को सुनाए और महादेवजी ने उन (नारदजी) को अत्यन्त प्रिय जानकर (इस प्रकार) शिक्षा दी- ॥

**बार बार बिनवउँ मुनि तोही। जिमि यह कथा सुनायहु मोही॥**
**तिमि जनि हरिहि सुनावहु कबहूँ। चलेहुँ प्रसंग दुराएहु तबहूँ॥**

हे मुनि! मैं तुमसे बार-बार विनती करता हूँ कि जिस तरह यह कथा तुमने मुझे सुनाई है, उस तरह भगवान श्री हरि को कभी मत सुनाना। चर्चा भी चले तब भी इसको छिपा जाना॥

**दो0-संभु दीन्ह उपदेस हित नहिं नारदहि सोहान।**
**भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान॥**

यद्यपि शिवजी ने यह हित की शिक्षा दी, पर नारदजी को वह अच्छी न लगी। हे भरद्वाज! अब कौतुक (तमाशा) सुनो। हरि की इच्छा बड़ी बलवान है॥

(क्रमश:...)

# तमिलनाडु में भी उठी हिंदी समर्थक आवाज

संस्कृति का उपादान और उसके नैरंतर्य का जरिया होने की वजह से भाषाएं उन लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा होती हैं, जो उन्हें प्राथमिक जुबान के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु की इसी भावना का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अब हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। यही श्रीधर वेंबु खुलेतौर पर कहने लगे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोली-बानियों और छोटी भाषाओं के अस्तित्व को उसने निगल लिया है। स्टालिन का यह कहना कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, अंगिका आदि भाषाओं के अस्तित्व को नष्ट कर दिया है, उसी आरोपबाजी का विस्तार है। जबकि हकीकत यह है कि हिंदी ने अपने हृदय प्रदेश की किसी भी भाषा के अस्तित्व को कोई चोट नहीं पहुंचाई है। उलटे हिंदी इन भाषाओं के बीच संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है। वह उन भाषाओं से शब्दों को लेकर समृद्ध भी हो रही है। अवधी, भोजपुरी, बैसवाड़ी या ब्रजभाषी जब अपने भाषा समुदाय से दूर के लोगों से मिलतें हैं, उनके सहज संवाद की भाषा हिंदी होती है। इस संवाद प्रक्रिया में वह हर भाषा से कुछ शब्द लेती है, उन्हें दोनों के बीच के कड़ी के रूप में स्थापित करती है और इस तरह खुद भी समृद्ध होती है और अपनी बोली या उपभाषाओं को भी ताकतवर बनाती है।



*महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी।*

महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। गांधी जी का सपना था कि तमिल और तेलुगू जैसे अहिंदीभाषी इलाकों के हिंदी को ना सिर्फ सीखें, बल्कि हिंदी को लेकर अपने राज्यों में माहौल बनाएं। गांधी जी का वह सपना सौ साल से अधिक वक्त के बाद सच होता नजर आ रहा है। श्रीधर वेंबू जैसे घोर तमिलभाषी व्यक्ति का हिंदी के समर्थन में सामने आना और उनके साथ तमिलनाडु ही नहीं, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना आदि के लोगों का खड़ा होना मामूली बात नहीं है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु के आम जन की जो छवि कम से कम उत्तर भारत में बनी है, तमिलनाडु से हिंदी के समर्थन में उठने वाली ये आवाजें उसे खंडित कर रही हैं। श्रीधर वेंबु जैसी महत्वपूर्ण स्वरों का हिंदी के समर्थन में उठना तमिलनाडु के आमजनों की कथित हिंदी विरोधी छवि का भी जवाब है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे आर्थिक विचारक एस गुरूमूर्ति तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक हलके की महत्वपूर्ण आवाज हैं। लेकिन हिंदी को लेकर तमिलनाडु में जो सामान्य धारणा रही है, उसकी वजह से हिंदी समर्थक उनके सुर को तमिल माटी में तवज्जो देने से बचा जाता रहा है। लेकिन श्रीधर वेंबु की आवाज और उनके समर्थन में सोशल मीडिया मंचों पर उमड़े युवा स्वरों ने गुरूमूर्ति की हिंदी समर्थक आवाज को ताकत दी है। गुरूमूर्ति भी खुलकर हिंदी विरोधी राजनीति के खिलाफ अपने तर्क दे रहे हैं और उन तर्कों को तमिलनाडु में ध्यान से सुना-पढ़ा जा रहा है। हिंदी का समर्थन करते हुए श्रीधर यह भी कह रहे हैं कि उनकी कंपनी का कामकाज तमिलनाडु की तुलना में दूसरे राज्यों में ज्यादा है। जहां उनकी कंपनी अपने तमिल अधिकारियों और प्रोफेशनल को भेजने में हिचकती है, क्योंकि वे दूसरे राज्यों में सहज संवाद विशेषकर जमीनी स्तर पर नहीं कर पाते।

1965 में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन हुआ था। उसकी वजह यह थी कि संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी को राजकाज की भाषा का स्थान लेने के लिए पंद्रह साल की अवधि 25 जनवरी 1965 को पूरी हो रही थी। तब क्षेत्रीय द्रविड़ राजनीति को हिंदी विरोध में अपनी राजनीतिक राह दिखी। तमिल उपराष्ट्रीयता को उन्होंने हिंदी विरोध के नाम उभारा और स्थानीय लोक को अपने पक्ष में लामबंद किया। इसकी वजह से भारत सरकार को हिंदी को राजकाज की भाषा बनाने के संवैधानिक आग्रह को अनंत काल के लिए कानूनी तौर पर टालना पड़ा। इन अर्थों में तमिलनाडु का हिंदी विरोधी आंदोलन सफल कहा जाएगा। उसी वक्त से तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू नहीं है, जबकि तकरीबन समूचे देश में पढ़ाई के लिए त्रिभाषा यानी स्थानीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई की सुविधा लागू है। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति में फिर से प्राथमिक स्तर से ही त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने की बात की गई है और स्टालिन का हिंदी विरोध इसी फॉर्मूले के विरोध के साथ उभरा है।

तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों से हिंदी भले ही दूर हो, लेकिन सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम लागू करने वाले विद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। अखिल भारतीय नौकरियों के मद्देनजर स्थानीय लोग अपने बच्चों को सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में पढ़ा तो रहे ही हैं, बच्चों को अलग से हिंदी की कोचिंग भी दिला रहे हैं। गुरूमूर्ति के अनुसार, तमिलनाडु में सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में साठ लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जबकि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों में करीब 83 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों के बच्चे हिंदी से दूर हैं, जिनकी संख्या सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों का करीब एक सौ बीस गुना ज्यादा है। तमिलनाडु की आज की प्रौढ़ हो चुकी पीढ़ी में एक वर्ग ऐसा भी है, जो सोचता है कि हिंदी विरोधी आंदोलन में हिस्सा लेकर उसने गलती की। इस गलती को सुधारने के लिए वह पीढ़ी अपने बच्चों को हिंदी से घृणा करना सीखने-सिखाने से बचती है। इसके अलावा दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा अब तक सवा दो करोड़ से ज्यादा लोगों को हिंदी सिखा और पढ़ा चुकी है। इसी साल उससे जुड़े विद्यार्थियों की संख्या पांच लाख से कुछ ज्यादा ही है। अब तमिलनाडु में ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो हिंदी के समर्थन में आवाज उठाते हैं। ऐसे लोगों में ज्यादातर वे हैं, जिन्होंने तमिलनाडु के बाहर भारतीयों के बीच संपर्क और संवाद के रूप में हिंदी को सहज पाया है और खुद हिंदी ना जानने की वजह से एक हद तक खुद को लाचार समझते रहे हैं। श्रीधर वेंबु जैसे लोगों का हिंदी के समर्थन में आना, ऐसी आवाजों को ताकत दे रहा है। यही ताकत तमिलनाडु में हिंदी के लिए उम्मीद की किरण है। यह ताकत तमिल उपराष्ट्रीयता के बेजा इस्तेमाल का भी जवाब है।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।**

## उन्होंने बहुत कड़ा संज्ञान लिया (व्यंग्य)

**मज़ा आता है जब पुराने, अनुभवी, तेज़ तर्रार क़ानून के साथ खिलवाड़ करने वाले माफिया के खिलाफ नई सख्त कार्रवाई के आदेश दिए जाते हैं। यह भुला दिया जाता है कि ऐसी कारवाई से तबादले अविलम्ब हो जाते हैं, इंसानी शरीर डरने लगते हैं और आदेश पैदा होते ही घबराना शुरू कर देते हैं।**

अपने चुनाव क्षेत्र में, माफिया के सक्रिय होने की सिर्फ एक खबर पढ़कर मंत्रीजी ने, सम्बंधित मामले में कुछ ज़्यादा ही कड़ा संज्ञान लिया। तुरंत बेहद सख्त कार्रवाई के स्पष्ट आदेश क्या दिए, माहौल में पंद्रह बीस दिन के लिए तो हडकंप मच गया। सरकार जब नई नई हो, पुराना प्रशासन ढीला पड़ा हो, कई तरह के माफिया और विपक्ष सक्रिय हों तो कुछ छोटा सा भी हो जाने पर हंगामा बैठक रखनी ही पड़ती है। यह तो बड़ी घटना थी जी, सो कड़ा संज्ञान ज़रूरी था। वह बात दीगर है कि ज़ोरदार और शोरदार बैठक में, समोसे और चाय ठंडे हो गए।

मज़ा आता है जब पुराने, अनुभवी, तेज़ तर्रार क़ानून के साथ खिलवाड़ करने वाले माफिया के खिलाफ नई सख्त कार्रवाई के आदेश दिए जाते हैं। यह भुला दिया जाता है कि ऐसी कारवाई से तबादले अविलम्ब हो जाते हैं, इंसानी शरीर डरने लगते हैं और आदेश पैदा होते ही घबराना शुरू कर देते हैं। हमारी पारम्परिक आदेश संस्कृति यही रही है जी। माफियाजी को पता होता है कि कुछ दिन हल्ला होगा फिर सब सामान्य हो जाएगा। वह मन ही मन खुश होते हैं कि इस बहाने उन्हें ज़्यादा चौकस रहने का मौक़ा मिलेगा।



किसी को पता नहीं था इसलिए मंत्रीजी ने यह राज़ सभी को बताया कि वन भूमि पर अवैध खनन करना, हरी भरी वनस्पति को हानि पहुंचाना मानव जीवन का सबसे बड़ा अपराध है। बताया जा रहा है, कड़ा संज्ञान लेने की ज़बर्दस्त खबर मात्र से, पिछले कई सालों से सुस्त पड़े कई विभाग हरकत में आ गए हैं। उन्होंने आराम से बैठने के लिए नया फर्नीचर मंगाया है ताकि माफिया से निबटने के लिए कुछ नई ठोस योजनाएं पकाई जा सकें। वास्तव में माफियाजी तो ऐसा पुण्य करने के लिए कब से तैयार थे। अब उन्हें अवसर मिला है, उम्मीद है कड़े संज्ञान के सामयिक कदम से काफी लोगों का भला होगा। सभी समझदार व्यवसायी थोड़ी बहुत रोकटोक के साथ पर्यावरण की ज्यादा देखभाल कर पाएंगे। कोर्ट के आदेशों की विनम्र अवहेलना कर विकास योजनाओं को समृद्ध कर सकेंगे।

इस संज्ञान के बहाने विपक्ष का भला भी हो गया है। उन्हें काफी समय से सरकार का पुतला बनवाकर चौक पर उसकी पिटाई करने का सुअवसर नहीं मिल रहा था। हालांकि जब वे सरकार चला रहे थे तब भी माफिया को पटाए रखने के लिए उन्हें भी काफी कड़ा संज्ञान, कई बार लेना पडा था। तब भी बड़ी मुश्किल से बात बनी थी। यह नहीं पता कि उन्होंने अभी लिए गए कड़े संज्ञान से ज़्यादा कड़ा संज्ञान लिया था या काम चलाऊ नरम संज्ञान। कुछ भी हो जी, मंत्रीजी के ताज़ातरीन कड़े संज्ञान के कारण, परिस्थितिवश सोच विचार कर, माफिया को भी सीमाओं से बाहर जाकर, सामूहिक रूप से कड़ा संज्ञान लेना पड़ा है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी। वाणी से लोगों का दिल जीत लेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य में सुधार।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता कर्ज की स्थिति ला सकती है, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। शत्रु भी मित्रवत कोशिश करेंगे। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा। धार्मिक यात्रा हो सकती है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शादी-ब्याह तय हो सकता है। नवप्रेम का आगमन हो सकता है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय। लिखने-पढ़ने के लिए बहुत अच्छा समय। कवियों के लिए अच्छा समय।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। घर में कोई शुभ संस्कार हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में सुधार। पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा।

# श्रेष्ठ जिलाधिकारी किए गए सम्मानित

## रालोद के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष ने की शिरकत




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन एक्सप्रेस समूह ने कमल महल, आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली में उत्कृष्टता शासन पुरस्कारों के तीसरे संस्करण की मेजबानी की। यह पुरस्कार भारत के उन बेहतरीन जिलाधिकारियों को सम्मानित करता है जिन्होंने शासन, प्रशासन और सार्वजनिक सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

राष्ट्रीय लोकदल के नोएडा विधानसभा अध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल को विशेष निमंत्रण द्वारा इस समारोह में शिरकत करने का मौका मिला। बी0 एल0 अग्रवाल नें The Indian E&press को इस समारोह की शुभकामनाएँ देते हुए इसे देश की प्रगति में सराहनीय कदम बताया।

नेक्स्टजेन क्लाउड टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रस्तुत और एनएसई द्वारा सह-प्रस्तुत, इस कार्यक्रम में देश भर में प्रभावशाली शासन पहल करने वाले जिला अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

इंडियन एक्सप्रेस समूह के इस आयोजन में शासन परिदृश्य को आकार देने में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

इंडियन ऑयल, वाजीराम एंड रवि, जीएससी बैंक, आईसीएफएआई ग्रुप और पीडब्ल्यूसी द्वारा समर्थित ये पुरस्कार प्रशासन, डिजिटल गवर्नेंस, सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे के विकास में उत्कृष्टता के लिए अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रपति को कार्यक्रम में आने का दिया न्यौता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को ग्रेटर नोएडा में होने वाली सॉफ्ट टेनिस भारतीय अंतरराष्टीय चैंपियनशिप जो कि 17 मार्च से 22 मार्च को आयोजित होगी, मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

इस चैंपियनशिप में लगभग 24 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे इसका आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्टस कॉप्लेक्स में किया जाएगा।

एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमैन आईएएस एनजे रवि कुमार और अध्यक्ष अभिषेक कौशिक तैयारियों में जुटे हुए है।

इस आयोजन में अन्य प्रदेशों के मंत्री और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड सरकार फोकस स्टेट के रूप में शामिल होंगी।

अभी तक राज्यपाल हिमाचल, एलजी दिल्ली व जम्मू, खेल मंत्री भारत सरकार मनसुख मांडविया, बीएल वर्मा, जितिन प्रसाद प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, बृजेश पाठक मंत्री बृजेश सिंह, गिरीश यादव, दयाशंकर सिंह, जेपीएस राठौर, दिनेश सिंह को भी निमंत्रण दिया गया है।

कल दिल्ली स्थित उनके आवास पर राष्ट्रपति से मुलाक़ात के समय राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत पूर्व संसद विजय पाल तोमर, सुखविंदर सोम उपाध्यक्ष सॉफ्ट टेनिस, राजेश मिश्रा कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।



कैलाश हॉस्पिटल की डायरेक्टर तथा उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की मार्गदर्शिका डॉ. पल्लवी शर्मा को बाबा श्याम के फाल्गुन उत्सव का निमंत्रण देते उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन व अन्य पदाधिकारी।

## फूड प्रोसेसिंग यूनिट से फल कारोबार को मिलेगी उड़ान


### एयरपोर्ट के पास लगेगी यूनिट, यूपी के फलों का जूस पैक कर होगा निर्यात

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी, जिसमें यूपी के फलों के जूस की पैकिंग होगी। एयरपोर्ट से जूस को दूसरे देशों में निर्यात किया जाएगा। यूपी के फलों में आम पर खास फोकस रहेगा। इसका फायदा स्थानीय किसानों को भी मिलेगा। वे भी आम और अमरूद जैसे फलों की पैदावार बढ़ा सकेंगे। यूनिट स्थापित करने के लिए शासन स्तर की समिति ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में कार्गो हब 87 एकड़ जमीन में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यहां फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का फैसला लिया है। यह यूनिट फलों पर आधारित होगी। इसके लिए जो समिति गठित की गई है, उसमें नायल, विश्व बैंक, इनोवा एग्री पार्क (भारत बायोटेक की सहायक कंपनी) के अधिकारी शामिल हैं। प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि करीब सात एकड़ जमीन पर यूनिट लगेगी, जिसमें यूपी के फलों के जूस की पैकेजिंग होगी। एयर इंडिया और सिंगापुर हवाईअड्डा टर्मिनल सेवा के कोल्ड चेन सिस्टम के तहत यूनिट को विकसित किया जाएगा।

सिंगापुर की कंपनी कार्गो हब की जिम्मेदार है। यूनिट में उत्पादों की ताजगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के मानकों का पालन किया जाएगा।

## कल आज कल



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

यहां से वहां तक
जहां तक दृष्टि जाती है,
छत रहित दीवारें ही दिखाई पड़ती हैं ,
न जाने कब से इन्हे देखते -देखते
आंखें पथरा गई हैं।
खुद में खुद की तलाश में
सड़क और गली
आदमियों की सूरत
न बुरी है न भली
आंगन से दीवार
दीवार से आंगन
इन्हीं दीवारों के बीच
इस आंगन की ऊंचाई पर बैठा मैं
न आगे कूद सकता हूं
न पीछे लौट सकता हूं ।
मुझे इस आंगन की मुंडेर पर
बंदी की तरह बैठा दिया गया है
जहां काबिज है मेरा अतीत
धुआं -धुआं सा अनिश्चित मेरा कल
दमित इच्छाओं ,सुनहरे सपनों का
मेरा वर्तमान
कल आज कल की गलियों में
खुद में खुद को तलाशता
अपनी ही शक्ल से बेजार
एक ढहते हुए मजार सा मैं ।।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## अधिवक्ता को मातृशोक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कलेक्टर बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार शर्मा की माता श्रीमती आनंदी देवी उम्र 80 वर्ष का कल उनके गांव डेरीन पंडित का पुरवा में निधन हो गया बताया जाता है कि श्रीमती आनंदी देवी की उम्र 80 वर्ष थी और वह काफी समय से बीमार चल रही थी उन्होंने अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है उनके निधन की खबर पाकर अधिवक्ताओं सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारों एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

# 2700 निवासियों को सरकारी दर पर मिलेगी बिजली, बिल्डरों की मनमानी खत्म

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा जोन के विद्युत खंड एक की तीन प्रमुख सोसाइटियों के निवासियों को जल्द ही मल्टीप्वॉइंट कनेक्शन की सुविधा मिलने वाली है। इससे करीब 2700 निवासियों को सस्ते सरकारी टैरिफ पर बिजली मिल सकेगी और बिल्डरों की मनमानी से छुटकारा मिलेगा। यह सुविधा सेक्टर-75 स्थित ई होम्स डासनेक, एम्स मैक्स गार्डेनिया और जेएम अरोमा सोसाइटी को मिलेगी। मल्टीप्वॉइंट कनेक्शन प्रणाली लागू होने के बाद, इन सोसाइटियों के निवासी सीधे पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के उपभोक्ता बन जाएंगे। इससे बिल्डर अब बिजली बिल के साथ मेंटेनेंस और अन्य चार्ज वसूल नहीं कर सकेंगे। विद्युत नगरीय वितरण खंड एक के अधिशासी अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 27 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों में मल्टीप्वॉइंट कनेक्शन लिया जा चुका है।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**02883/02884 राँची जं. – गोरखपुर जं. – राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02883 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02884 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | राँची जं. | 05:30 | -- |
| 11:45 | 11:58 | वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| 19:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:00 |

**चलने की तिथि :** 02883 राँची जं. से दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को एवं 02884 गोरखपुर जं. से दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, गोमो जं., कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औड़िहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन।

**07707/07708 चर्लपल्ली – हज़रत निज़ामुद्दीन – चर्लपल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | चर्लपल्ली | 09:30 | -- |
| 01:30 | -- | हज़रत निज़ामुद्दीन | -- | 03:15 |

**चलने की तिथि :** 07707 चर्लपल्ली से दिनांक 06.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 07708 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, रानी कमलापति, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा कैंट स्टेशन

**01707/01708 जबलपुर जं. – आनन्द विहार टर्मिनल – जबलपुर जं. होली एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 6 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:20 | जबलपुर जं. | 10:00 | -- |
| 16:45 | -- | आनन्द विहार टर्मि. | -- | 18:05 |

**चलने की तिथि :** 01707 जबलपुर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 15.03.2025 को एवं 01708 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 09.03.25, 13.03.25 एवं 16.03.2025 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन।

**05734/05733 कटिहार जं. – अमृतसर जं. – कटिहार जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05734 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05733 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:40 | कटिहार जं. | 15:00 | -- |
| 00:10 | -- | अमृतसर जं. | -- | 04:20 |

**चलने की तिथि :** 05734 कटिहार जं. से दिनांक 06.03.2025 से 27.03.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 05733 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक शनिवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** नौगछिया, थाना बिहपुर जं., मानसी जं., खगड़िया जं., बेगू सराय, बरौनी जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा जं., सिवान जं., डोरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., इटावा, अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड़ जं., मेरठ सिटी जं., मुजफ्फरनगर सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी जं. एवं ब्यास जं. स्टेशन।

**09075/09076 मुंबई सेन्ट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेन्ट्रल सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 32 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09075 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:00 | मुंबई सेन्ट्रल | 20:55 | -- |
| 14:30 | -- | काठगोदाम | -- | 17:30 |

**चलने की तिथि :** 09075 मुंबई सेन्ट्रल से दिनांक 12.03.2025 से 25.06.2025 (प्रत्येक बुधवार को) एवं 09076 काठगोदाम से दिनांक 13.03.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा, रतलाम, डकनिया तालाव, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदाऊँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।

**09101/09102 वडोदरा जं. – हरिद्वार – वडोदरा जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09101 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:00 | वडोदरा जं. | 11:25 | -- |
| 14:30 | -- | हरिद्वार | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि :** 09101 वडोदरा जं. से दिनांक 08.03.25, 15.03.25, 22.03.25 एवं 29.03.2025 (प्रत्येक शनिवार को) एवं 09102 हरिद्वार से दिनांक 09.03.25, 16.03.25, 23.03.25 एवं 30.03.2025 (प्रत्येक रविवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, मथुरा जं., हज़रत निजामुद्दीन, गाजियाबाद जं., मेरठ नगर जं., मुज़फ्फर नगर, टपरी जं. एवं रूड़की स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली– गया जं. – नई दिल्ली सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि :** 04064 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 (सोमवार एवं गुरूवार को) एवं 04063 गया जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 (मंगलवार एवं शुक्रवार को)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम जं. एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार टर्मि. – राजगीर – आनन्द विहार टर्मि. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | आनन्द विहार टर्मि. | 19:00 | -- |
| 19:50 | -- | राजगीर | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि :** 04070 आनन्द विहार टर्मि. एवं 04069 राजगीर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, आरा आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन।

**04018/04017 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04018 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04017 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि:** 04018 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 (प्रत्येक गुरूवार को) एवं 04017 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.2025 (प्रत्येक शुक्रवार को)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 8 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि :** 04066 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 04065 सहरसा जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** चिपयाना बुजुर्ग, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04030/04029 आनन्द विहार टर्मि. – मुज़फ्फ़रपुर जं. – आनन्द विहार टर्मि. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04030 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04029 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मि. | 06:00 | -- |
| 06:00 | -- | मुज़फ्फ़रपुर जं. | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि :** 04030 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 08.03.25, 11.03.25, 15.03.25 एवं 18.03.2025 को एवं 04029 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 09.03.25, 12.03.25, 16.03.25 एवं 19.03.2025 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शहाजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतीहारी स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – पटना जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04062 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | दिल्ली जं. | 10:25 | -- |
| 16:40 | -- | पटना जं. | -- | 17:50 |

**चलने की तिथि :** 04062 दिल्ली जं. से दिनांक 06.03.2025 से 17.03.2025 तक (प्रतिदिन) एवं 04061 पटना जं. से दिनांक 07.03.2025 से 18.03.2025 तक (प्रतिदिन) **स्थान:** 3 टियर वाता. एवं इकोनॉमी।
**ठहराव:** गाजियाबाद, चिपयाना बुजुर्ग, कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन

**04602/04601 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04602 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04601 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:10 | अमृतसर जं. | 18:20 | -- |
| 05:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 10:00 |

**चलने की तिथि :** 04602 अमृतसर जं. से दिनांक 08.03.25, 12.03.25 एवं 16.03.2025 को एवं 04061 सहरसा जं. से दिनांक 10.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., लुधियाना, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04502/04501 सरहिंद जं. – जय नगर जं. – सरहिंद जं. सुपरफास्ट होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04502 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04501 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:00 | सरहिंद जं. | 05:15 | -- |
| 19:45 | -- | जय नगर जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि :** 04502 सरहिंद जं. से दिनांक 07.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04501 जय नगर जं. से दिनांक 8.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** राजपुरा, अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम, मानकापुर जं., बस्ती, गोरखपुर, छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04302/04301 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ्फ़रपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04302 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04301 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 08:10 | -- |
| 07:30 | -- | मुज़फ्फ़रपुर जं. | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि :** 04302 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 को एवं 04301 मुजफ्फरपुर जं. से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को। **स्थान:** 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता. शयनयान।
**ठहराव:** हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपु, सिवान, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन।

**05082 बनारस – सिकन्दराबाद जं. वन वे होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05082 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बनारस | -- | 18:00 |
| वाराणसी जं. | 18:15 | 18:25 |
| सिकन्दराबाद जं. | 22:30 | -- |

**चलने की तिथि :** 05082 बनारस से दिनांक 05.03.25 को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., इटारसी जं., घोड़ाडोंगरी, बैतूल, नागपुर जं., सेवाग्राम जं., चन्द्रपुर, बल्लारशाह, सिरपूरकागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियाल, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जं., जम्मीकुटा एवं काजीपेट जं. स्टेशन।

**03697/03698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस होली स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन)** — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03697 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:15 | गया जं. | 00:30 | -- |
| 07:45 | -- | दिल्ली जं. | -- | 08:55 |

**चलने की तिथि :** 03697 गया जं. से दिनांक 06.03.2025 से 31.03.2025 तक (रविवार को छोड़कर) एवं 03698 दिल्ली जं. से दिनांक 07.03.2025 से 01.04.2025 तक (सोमवार को छोड़कर)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**04014/04013 नई दिल्ली – जय नगर – नई दिल्ली आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | नई दिल्ली | 19:55 | -- |
| 12:00 | -- | जय नगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि :** 04014 नई दिल्ली से दिनांक 06.03.25, 10.03.25, 13.03.25 एवं 17.03.2025 एवं 01413 जय नगर से दिनांक 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.2025 को
**स्थान:** 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., दानापुर, पाटलिपुत्र, हाज़ीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं. एवं सीतामढ़ी जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04028/04027 आनन्द विहार टर्मि. – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मि. आरक्षित होली स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04028 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04027 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मि. | 12:25 | -- |
| 03:00 | -- | जोगबनी | -- | 09:45 |

**चलने की तिथि :** 04028 आनन्द विहार टर्मि. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.2025 को एवं 04027 जोगबनी से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.2025 को
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली,शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, सदर, सिवान जं. छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खास खबर

### तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंचा कच्चा तेल

**नई दिल्ली।** ओपेक और इसके सहयोगी देश द्वारा क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के उत्पादन में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह से आज क्रूड ऑयल 3 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर कर 70.91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 68 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल कर 67.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बताया जा रहा है कि ओपेक और इसके सहयोगी देशों के बीच क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की बात को लेकर सहमति बन गई है। इन देशों द्वारा अप्रैल महीने से क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार रूस और सऊदी अरब क्रूड ऑयल के उत्पादन में प्रतिदिन 1.38 लाख बैरल की बढ़ोतरी कर सकते हैं। इसी तरह ओपेक के दूसरे सदस्य देशों द्वारा भी कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान है।

### ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी मे तेजी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में थोड़ी तेजी आई। ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार रणनीतिक रिजर्व कोष में विभिन्न प्रकार की डिजिटल परिसंपत्तियों को खरीदे और रखे। यह घोषणा ट्रंप के अस्थिर क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को अपने सार्वजनिक समर्थन के बैरोमीटर के रूप में उपयोग करने के बढ़ते प्रयासों को उजागर करती है। ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सरकार एक ह्यक्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें कम–ज्ञात क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी, सोलाना और काडानी शामिल होंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट के साथ कहा कि उनके नियोजित रिजर्व में बिटकॉइन और ईथर भी शामिल होंगे। ये दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी हैं। इस घोषणा से क्रिप्टो की कीमतों में हाल ही में हुई बिकवाली के बाद थोड़ी तेजी देखने को मिली।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी 159 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ेगी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्जा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जो एक स्थायी बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस वृद्धि के साथ, कंपनी की कुल परिचालन पवन क्षमता 2,826 मेगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी 8.0 गीगावाट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का सक्रिय रूप से विस्तार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 से पहले 20 गीगावाट की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता हासिल करना है।

### चीन ने प्रमुख अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को चिकन, पोर्क (सुअर का मांस), सोया और बीफ (गोमांस) सहित प्रमुख अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 15 प्रतिशत तक का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा घोषित शुल्क 10 मार्च से प्रभावी होंगे। ये शुल्क अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी उत्पादों के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। ये शुल्क मंगलवार से प्रभावी हो गए हैं। इइसमें कहा गया है कि अमेरिका में उगाए गए चिकन, गेहूं, मक्का और कपास के आयात पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। ज्वार, सोयाबीन, सूअर का मांस, बीफ, समुद्री भोजन, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर शुल्क 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा।

# भारत में ई-कॉमर्स की बढ़त के पीछे महिलाओं की शक्ति

## होम क्रेडिट इंडिया की स्टडी में सामने आए प्रमुख रुझान

एजेंसी

**रांची।** महिलाएं भारत में ऑनलाइन शॉपिंग के विकास में सबसे आगे हैं, जिनमें से 60% सक्रिय रूप से ऑनलाइन खरीदारी कर रही हैं, वे अपने पुरुष समकक्षों से आगे निकल रही हैं और डिजिटल कॉमर्स को अपनाने की गति को तेज कर रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया के 'हाउ इंडिया बारोज 2024 - ए स्टडी' के अनुसार, महिलाएं, मिलेनियल्स और जेन जेड के साथ मिलकर ई-कॉमर्स के भविष्य को आकार दे रही हैं, जिन्हें एम्बेडेड फाइनेंस सॉल्यूशंस के बढ़ते चलन से समर्थन मिल रहा है जो ऋण लेने को तेज और खरीदारी के अनुभव को आसान बनाते हैं। अध्ययन में विकसित हो रहे उपभोक्ता रुझानों पर प्रकाश डाला गया है, जिससे पता चलता है कि ऑनलाइन शॉपिंग 2021 में 69% तक बढ़ गई, 2023 में 48% तक गिर गई, और 2024 में 53% तक फिर से बढ़ गई। इन-स्टोर शॉपिंग के पुनरुत्थान के बावजूद, डिजिटल कॉमर्स एक प्रमुख शक्ति बना हुआ है, जो काफी हद तक महिलाओं और युवा उपभोक्ताओं द्वारा संचालित है। स्टडी के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आशीष तिवारी ने कहा: भारत में डिजिटल शॉपिंग का परिदृश्य महिलाओं द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है, जो न केवल ऑनलाइन शॉपिंग को अपनाने में आगे हैं बल्कि एम्बेडेड फाइनेंस में बदलाव को भी प्रभावित कर रही हैं। हमारी 'हाउ इंडिया बारोज 2024' स्टडी से पता चलता है कि महिलाएं आत्मविश्वास से डिजिटल टूल्स का लाभ उठा रही हैं, एआई-चालित सहायता पर भरोसा कर रही हैं, और अपने खरीदारी के अनुभव को बढ़ाने के लिए स्मार्ट ऋण साल्यूशन्स को अपना रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया में, हम इसे एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में मानते हैं, जो महिलाओं की बढ़ती वित्तीय स्वतंत्रता और उनकी विकसित हो रही आकांक्षाओं के अनुरूप निर्बाध, सुलभ क्रेडिट समाधानों की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

**ऑनलाइन शॉपिंग को आगे बढ़ाने वाली प्रमुख आबादी:** महिलाएं ऑनलाइन शॉपिंग को अपनाने में सबसे आगे हैं, जहां 60% सक्रिय रूप से ऑनलाइन खरीदारी कर रही हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 52% है। युवा पीढ़ी भी इस प्रवृत्ति को अपनाने में आगे है, जहां जेन जेड के 58% और मिलेनियल्स के 59% ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, जबकि जेन एक्स के केवल 39% ही डिजिटल कॉमर्स में भाग लेते हैं। भौगोलिक रूप से, टियर-2 शहरों ने मेट्रो क्षेत्रों को टक्कर दे दी है, दोनों में 56% ऑनलाइन शॉपिंग अपनाने की दर दर्ज की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती डिजिटल उपस्थिति को दर्शाता है। यह उछाल विशेष रूप से पूर्वी और दक्षिणी शहरों में निम्न-मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के बीच स्पष्ट है, जहां कोलकाता (71%), कोच्चि (66%), हैदराबाद (64%) और चेन्नई (60%) आगे हैं।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2025 में 4,22,449 यूनिट्स बेचीं



एजेंसी

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2025 के अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,22,449 यूनिट्स रही। इसमें 3,83,918 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 38,531 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। यह उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल 2024 - फरवरी 2025) की अब तक की कुल बिक्री 54,04,216 यूनिट्स तक पहुंच गई है, जिसमें 49,25,241 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 4,78,975 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। फरवरी 2025 में एचएमएसआई की मुख्य उपलब्धियां: प्रोडक्ट: एचएमएसआई ने उन्नत नए फीचर्स के साथ OBD2B अनुकूलित Shine 125 और Hornet 2.0 के अपडेटेड वर्जन पेश किए। इसके अलावा, कंपनी ने OBD2B कंप्लायंट इंजन और अपग्रेडेड इक्विपमेंट के साथ बिल्कुल नया NX200 लॉन्च किया। बिजनेस: HMSI ने दक्षिण भारत में 2 करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया और मध्य प्रदेश में Shine 125 और SP125 की 10 लाख यूनिट्स की संचयी बिक्री पूरी कर ली, जो कंपनी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

# सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लांच करेगा

एजेंसी

**जमशेदपुर/रांची।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी. ए. आर. ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी C.A.R.E का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80% एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है। बाजार की अस्थिरता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए फंड निवेशक पूंजी की सुरक्षा के लिए सामरिक हेजिंग और डेरिवेटिव रणनीतियों को एकीकृत करता है।



भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर

# इरफान खान सबसे अविश्वसनीय इंसान थे : रोजलिन खान

एजेंसी

**मुंबई।** स्टेज 4 कैंसर सर्वाइवर अभिनेत्री रोजलिन खान को ऑन-स्क्रीन के साथ-साथ ऑफ-स्क्रीन भी उनके अच्छे और मानवतावादी काम के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री को शिल्प के बारे में जानने के लिए अतीत में कुछ बेहतरीन अभिनेताओं के साथ काम करने और रहने का अवसर मिला है। ऐसे ही एक अभिनेता दिवंगत अभिनेता इरफान खान हैं जो फिल्म 'राइट या रॉन्ग' के दौरान उनके मार्गदर्शक बने थे। फिल्म उद्योग के बारे में उनका मार्गदर्शन करने से लेकर जीवन के महत्वपूर्ण सबक के साथ उन्हें प्रेरित करने तक, दिवंगत अभिनेता इरफान खान का उनके जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।



इस बारे में पूछे जाने पर रोजलिन ने कहा, इरफान सर सबसे अविश्वसनीय इंसान थे। मुझे 'राइट या रॉन्ग' फिल्म के सेट पर उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला, जिसमें सनी देओल भी थे। मैं कॉलेज के बच्चे के रूप में बीटीएस टीम का हिस्सा थी और मुझे याद है कि मुझे प्रति दिन लगभग 1500 रुपये का भुगतान किया जाता था। हम दोनों जयपुर के रहने वाले हैं और जैसे ही उन्हें इसका एहसास हुआ, हमने एक त्वरित संबंध विकसित कर लिया। मुझे अभी भी याद है कि हम उन दिनों माध में कैसे शूटिंग कर रहे थे और एक सच्चे सज्जन की तरह वह मुझे हर रात सुरक्षित घर छोड़ने की पेशकश करते थे क्योंकि वहां से सार्वजनिक परिवहन प्राप्त करना मुश्किल था। उन्होंने मेरा मार्गदर्शन भी किया और मुझसे कहा कि वह एनएसडी में मेरे प्रवेश के संबंध में मेरी मदद करने की कोशिश कर सकते हैं जो उनके लिए कहने के लिए बहुत बड़ा था। मैं एक युवा कॉलेज छात्रा थी जिसे अभी भी यह तय करना था कि वह जीवन में क्या चाहती है।

# उर्वशी रौतेला की 7 करोड़ की बर्थडे पार्टी में हॉलीवुड अभिनेता व वेस्टविक ने चार चांद लगाए



एजेंसी

**मुंबई।** उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपना जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया। उर्वशी के जन्मदिन पर उनके करीबी दोस्तों और वैश्विक मनोरंजन बिरादरी के कुछ लोगों ने अच्छी तरह से भाग लिया। दिव्या को अल्बानियाई फैशन डिजाइनर मेरिटा मेरजा द्वारा एक सुंदर कस्टम रियल डायमंड बर्थडे आउटफिट में देखा गया, जिसकी कीमत 4.3 करोड़ रुपये थी और इसे खत्म करने में छह महीने लगे। इतना ही नहीं, दिवा को अपने शुभचिंतकों द्वारा तैयार किया गया 3.4 करोड़ रुपये का एक विशेष विशाल जन्मदिन केक काटते हुए भी देखा गया था। उनके जन्मदिन की पार्टी अभिनेत्री के लिए उत्साह, प्यार और प्रशंसा के बारे में थी और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि असाधारण 7 करोड़ जन्मदिन की पार्टी में शामिल होना गर्व की बात थी। जन्मदिन को और भी खास बनाती है वह है हॉलीवुड अभिनेता एड वेस्टविक की उपस्थिति, जो 'गॉसिप गर्ल' और 'डार्कगेम', 'शैलेट गर्ल' और कई अन्य प्रसिद्ध परियोजनाओं में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उर्वशी को एड वेस्टविक से एक विशेष आश्चर्य मिला क्योंकि उन्होंने वहां विशेष रूप से उनके लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों को हाल ही में उनके जन्मदिन से पहले दुबई में भारत बनाम पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान भी देखा गया था। ये तस्वीरें इंटरनेट पर कुछ ही समय में वायरल हो गईं, जैसा कि किसी को उम्मीद थी। इस तथ्य के बारे में चर्चा है कि वे दोनों अपनी आगामी हॉलीवुड परियोजना में भी एक साथ अभिनय करने के लिए तैयार हैं और साथ ही, प्रत्याशा पहले की तरह बढ़ रही है।

# इफको फूलपुर ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** इफको फूलपुर के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए आवश्यक है।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक तकनीकी संजय वैश्य ने कहा कि सुरक्षा हमारे आदत एवं स्वभाव में आनी चाहिए। हम खुद जिम्मेदार बने की दुर्घटना को होने ही ना दें। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि हमेशा सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें तथा संस्था को नए कीर्तिमान बनाने में सहयोग करें। महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी ने कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा जब हम सुरक्षित होंगे तथा भय रहित वातावरण में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए, खतरों की जानकारी अवश्य साझा करनी चाहिए एवं एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। अनुभवी अधिकारी युवा कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के बारे में बताये तथा अपना अनुभव अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और कुशल कर्मचारी विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। संयुक्त महाप्रबंधक यूरिया पी.के. वर्मा ने कहा कि सुरक्षा सप्ताह को मनाने का उद्देश्य इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सुरक्षा प्रोटोकॉल का अवश्य पालन करें। मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की तथा बताया कि गत वर्ष संयंत्र से 12 इमरजेंसी कॉल तथा आसपास के गांव से 13 इमरजेंसी कॉल आई जिसका अग्नि एवं सुरक्षा विभाग ने निष्पादन किया। उन्होंने कहा कि साल भर में बहुत से दुर्घटनाएं होती हैं लेकिन सतर्कता एवं सुरक्षा नियमों पालन करके उन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सुरक्षा केवल सुरक्षा के महत्व को याद रखने के लिए नहीं बल्कि यह अपने रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनने के लिए है। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया।



इस दौरान महाप्रबंधक ए.पी.राजेन्द्रन, पीके सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक अनीता मिश्रा, पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार, अरुण कुमार, एस.के. सिंह तथा ए.के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम् प्रकाश तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।




## पृष्ठ एक के शेष....

**अंसल ग्रुप पर...**

आपको बता दें कि 3 मार्च को सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की थी जिसमें अंसल ग्रुप की बॉयर्स के साथ धोखाधड़ी की शिकायतें मिली थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में इस मामले पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी (SP) पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंसल कंपनी समाजवादी पार्टी की सरकार की उपज है और अब इसकी सजा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं समझे कि वह गरीबों का पैसा लेकर भाग जाएगा, हम उसे पाताल से भी निकाल लेंगे और सजा दिलाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी खरीदारों का पैसा वापस किया जाएगा।

2005 में (LDA) ने 1765 एकड़ भूमि पर हाईटेक टाउनशिप विकसित करने की योजना बनाई थी, जिसकी डीपीआर 2006 में स्वीकृत की गई थी। इसके बाद अंसल ने इस परियोजना को शुरू किया, लेकिन आरोप है कि अंसल कंपनी ने स्वीकृत भूमि के अलावा ग्राम समाज, सीलिंग, तालाब, राज्य सरकार के नाम दर्ज भूमि, चक मार्ग, बंजर जमीन, नहर और नाली की जमीन भी अपनी टाउनशिप में शामिल कर ली। इसके बारे में (LDA) को जानकारी नहीं दी गई और जांच के दौरान यह अवैध निर्माण सामने आया।

**नाकामी छुपाने का...**

समझदार लोग कह रहे हैं अगर सब गलत था तो आप वहाँ अपना बुलडोजर लेकर जाते, कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुँच गये? जनता कह रही है जब उसे ढूँढने पाताल लोक जाएं तो परतों में दबी उस गहरी वजह की भी खोज–ख़बर लेते आएं जो उनकी गद्दी को हिला रही है। उनके सत्ता से बेदख़ल होने की जो चर्चाएं हर तरफ़ फैली हैं, ये उसीकी खीझ है। विस्थापन का डर ही उनके मुँह से ऊंची आवाज़ बनकर निकल रहा है। सफलता व्यक्ति को शांत, शालीन और शिष्ट बनाती है और विफलता वही जो दिख रहा है।

**गाजियाबाद में अंसल...**

विकास प्राधिकरण क्षेत्र के ग्राम डूंडाहेड़ा की भूमि क्षेत्रफल 152.89 एकड़ में इंटीग्रेटेड टाउनशिप का विकास किए जाने के लिए मैसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का चयन किया गया था। पहले चरण में 127 एकड़ पर योजना की डीपीआर बोर्ड के अनुमोदन के उपरांत 29.11.2006 को निर्गित की।

इस इंटीग्रेटेड टाउनशिप के लिए अंसल प्रॉपर्टीज ने आंतरिक एवं बाह्य विकास कार्य, एसटीपी, सीवर, पेयजल, आंतरिक सड़के,बाउंड्री वॉल, नाली व पार्क इत्यादि मानक के अनुसार विकसित नहीं किया। अंसल प्रॉपर्टीज द्वारा स्वीकृत योजना के तहत दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के आरक्षित भूखंड पर आंशिक रूप से भवन का निर्माण कर बाकी भूमि पर अवैध भूखंड सृजन की कार्रवाई की गई। एफआईआर में कहा गया है कि अंसल प्रॉपर्टीज ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के साथ इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित करने के लिए जो अनुबंध किया था उनकी शर्तों का उल्लंघन किया।

अंसल प्रॉपर्टीज ने निर्धारित 848 भावनाओं के स्थान पर मात्र 160 भावनाओं का ही निर्माण किया तथा शेष भूमि को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित टाउनशिप नीति की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उक्त भूमि के दस्तावेजों की कूट रचना की गई और उस पर अवैध निर्माण किया गया। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में दर्ज एफआईआर में डायरेक्टर प्रणव अंसल, विकास यादव जनरल मैनेजर अमित शुक्ला एवं अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा–318 (4), 338, 336 (3), 340(2) 111, 329(3) 61 (2) व धारा–3 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**सीएम के आगमन...**

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर–145 एमएक्यू साफ्टवेयर कंपनी की इमारत बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री इसका शुभारंभकरेंगे। वहीं, सेक्टर–145 स्थित माइक्रोसाफ्ट कंपनी के भूखंड का शिलान्यास भी करेंगे। सेक्टर–132 में सीपी कंपनी का डाटा सेंटर बनकर तैयार है। वह इसका भी लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा. लोकेश एम ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ओएसडी, जनस्वस्थ्य विभाग महाप्रबंधक व डीजीएम सिविल के साथ बैठक की। निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। साफ–सफाई से लेकर हेलीपैड निर्माण पूरा करें, ताकि कोई दिक्कत न हो।

**डॉ. उमा शर्मा नेशनल ...**

दिल्ली सरकार, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, (पूर्व विदेश राज्य मंत्री एवं संस्कृति राज्य मंत्री), श्रीमती रूबी सिन्हा, अध्यक्ष ब्रिक्स सीसीआई, डा. बीबीएल मधुकर को–चेयरमैन डायरेक्टर जनरल ब्रिक्स सीसीआई मौजूद रहें। इस मौके पर कई देशों से पधारीं महिलाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ. उमा शर्मा वर्तमान में कैलाश ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल की अध्यक्षा हैं और कैलाश ग्रुप समूहों के बोर्ड में निदेशक हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की और उनका प्रसूति एवं स्त्री रोग के क्षेत्र में और सुपर–स्पेशलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं को चलाने का लगभग चार दशकों का गहन अनुभव है।

डॉ. उमा शर्मा ने महिलाओं को समय–समय पर आत्म निर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए तथा महिलाओं को सशक्तिकरण किया।


# अंतिम संदेश में मुखरित आत्मा का अमर स्वर

**महासमाधि से ठीक पहले का परमहंस योगानंद का संबोधन आज भी एक प्रेरणास्रोत बना हुआ है। जो मानव एकता, आत्मज्ञान और विश्वशांति के लिये संदेश था। उनका संबोधन 'मेरे भारत, मेरे अमेरिका और मेरे विश्व के सभी अतिथियों को मेरा नमन्। मैं आप सभी में ईश्वर को नमन करता हूं।'- उनकी जीवन साधना व सार्वभौमिक प्रेम का सार था।**

सात मार्च, 1952 को अमेरिका में लॉस एंजेलिस के बिल्टमोर होटल में आयोजित ऐतिहासिक समारोह का मकसद भारत व अमेरिका के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर भारत के तत्कालीन राजदूत बिनय आर. सेन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस समारोह का केंद्र बिंदु थे परमहंस योगानंद जी, जिन्होंने क्रियायोग विज्ञान को पश्चिमी जगत तक पहुंचाया।

जब उन्होंने बोलना प्रारंभ किया, तो लगा मानो उनकी आत्मा के गहनतम अनुभव स्वयं शब्दों में रूपांतरित हो रहे हों। उनकी वाणी में सनातन आध्यात्मिक विरासत की पवित्रता और अमेरिका की भौतिक उपलब्धियों का संगम था। वे संपूर्ण मानवता को एकता, करुणा और विश्वशांति का संदेश दे रहे थे। उनका यह संबोधन एक आध्यात्मिक तरंग थी, जो उपस्थित श्रोताओं के हृदय में दस्तक दे रही थी। इस भाषण में एक संत के जीवन का दिव्य संदेश था।

परमहंस जी का महासमाधि से ठीक पहले का भाषण आज भी एक प्रेरणास्रोत बना हुआ है, जो मानव एकता, आत्मज्ञान और विश्वशांति के लिए संदेश था। उनके भाषण में निहित 'मेरे भारत, मेरे अमेरिका और मेरे विश्व के सभी अतिथियों को मेरा नमन?। मैं आप सभी में ईश्वर को नमन करता हूं।'—ये शब्द उनकी संपूर्ण जीवन साधना और उनके सार्वभौमिक प्रेम का सार थे। योगानंद जी ने अपने जीवन में पूर्व और पश्चिम के बीच एक सेतु का कार्य किया। उन्होंने भारत की प्राचीन योग परंपरा को पश्चिमी जगत तक पहुंचाया और वहां इसे आत्मसात? होते देखा। जब वे कहते हैं 'मेरे भारत, मेरे अमेरिका और मेरे विश्व के सभी अतिथियों को मेरा नमन्', तो यह केवल देशों का उल्लेख नहीं था, बल्कि उनकी यह गहरी अनुभूति थी कि संपूर्ण पृथ्वी ही एक परिवार है—'वसुधैव कुटुम्बकम्'। उनका यह संबोधन दर्शाता है कि वे किसी एक देश के नहीं, बल्कि समस्त विश्व के नागरिक थे। उनकी दृष्टि सीमाओं से परे थी। जब उन्होंने यह कहा, मैं आप सभी में ईश्वर को नमन् करता हूं, तो इसका अर्थ था कि वे केवल शरीर, नाम, पद, धर्म या राष्ट्रीयता को नहीं, बल्कि आत्मा की दिव्यता को प्रणाम कर रहे थे। परमहंस योगानंद जी ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा, 'महात्मा गांधी ने युद्धरत आधुनिक विश्व के लिए शांति का एक व्यावहारिक उपाय दिया। सभी राष्ट्रों को अपने संघर्षों के समाधान हेतु उसे अपनाना चाहिए।' वर्ष 1952 में जब योगानंद जी यह कह रहे थे, तब द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हुए कुछ ही वर्ष हुए थे और शीत युद्ध का दौर चल रहा था। विश्व एक और बड़े संघर्ष की ओर बढ़ रहा था। ऐसे में संघर्षों के समाधान हेतु वे इस ओर संकेत कर रहे थे कि गांधीजी की शिक्षाएं केवल भारत की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सार्वभौमिक हैं और आज भी पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है।



परमहंस योगानंद महासमाधि दिवस 7 मार्च

तब कॉन्फ्रेंस हाल में परमहंस ने कहा, 'यदि हम विभिन्न देशों के महान व्यक्तियों व अमेरिका के उद्योगपतियों को साथ लाएं तो हम एक ऐसा आदर्श समाज बना सकते हैं, जिससे संपूर्ण विश्व अंततः एक साथ संगठित हो जाए।' परमहंस योगानंद के इन शब्दों में एक दिव्य वैश्विक समाज की परिकल्पना निहित थी, जहां संकीर्ण राष्ट्रवाद और भौतिक संघर्षों से ऊपर उठकर संपूर्ण मानवता एक संयुक्त विश्व परिवार के रूप में संगठित हो।

उन्होंने अपने संबोधन में चिंता जतायी—हमेशा युद्ध के लिए धन उपलब्ध रहता है, जिससे केवल विनाश और पीड़ा उत्पन्न होती। यदि दुनिया के सभी प्रमुख राजनेता मिलकर युद्ध की सोच त्याग करें तो इस पर खर्च होने वाले धन से धरती से गरीबी और अज्ञानता मिट सकती है। इस विश्व का मार्गदर्शन ईश्वर प्रेरित अंतःकरण से संभव है। योगानंद जी के इन शब्दों में मानवता के प्रति असीम करुणा और सार्वभौमिक प्रेम की गहराई प्रकट होती है। यह मानवता के लिए आत्मचिंतन का आह्वान है। वे कहते थे—'हमें वैज्ञानिकों, राजदूतों और धार्मिक नेताओं की एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है, जो सतत? यह विचार करे कि इस संसार को किस प्रकार एक श्रेष्ठ और आध्यात्मिक गृह बनाया जाए, जिसमें ईश्वर हमारा मार्गदर्शक हो।' संबोधन के अंत में, योगानंद जी ने अपनी कविता 'मेरा भारत' की कुछ पंक्तियां पढ़ी—'ईश्वर सृजित पृथ्वी में गंगा, वनों, हिमालयी गुफाओं में लोग ईश्वर का स्वप्न देखते हैं, मैं धन्य हूं कि मेरा शरीर उस पावन धरा से स्पर्श कर चुका है।' कविता के ये अंतिम शब्द भारत के प्रति उनकी भक्ति और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने जीवनभर भारत की योग-परंपरा, गंगा की पवित्रता और हिमालय की तपोभूमि को सर्वोच्च स्थान दिया। वे स्वयं को भारत की आध्यात्मिक संस्कृति का एक अंश मानते थे। इस भाषण की समाप्ति के तुरंत बाद परमहंस योगानंद जी महासमाधि में लीन हो गए। शब्द मौन में विलीन हो गए और एक युगदृष्टा का नश्वर शरीर ब्रह्मांड में विलीन हो गया।

# रोहिणी व्रत से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

**रोहिणी व्रत जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जिसे विशेष रूप से शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रोहिणी नक्षत्र में किया जाता है। इस व्रत का पालन आत्मा के विकारों को दूर करने और सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए किया जाता है। व्रती भगवान वासुपूज्य की पूजा करके जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि की कामना करते हैं।**

**व्रत 6 मार्च**

'रोहिणी' एक नक्षत्र है, जिसे ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हिन्दू एवं जैन पंचांगों में वर्णित कुल सत्ताईस नक्षत्रों में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इस नक्षत्र में किया जाने वाला व्रत 'रोहिणी व्रत' कहलाता है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार प्रायः प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विशेष रूप से जिस दिन सूर्योदय के बाद रोहिणी नक्षत्र पड़ता है, उसी दिन को यह व्रत किया जाता है। इस प्रकार, प्रत्येक वर्ष बारह रोहिणी व्रत आते हैं। प्रत्येक महीने रोहिणी नक्षत्र की अवधि निश्चित होती है। जब उदया तिथि अर्थात? सूर्योदय के बाद रोहिणी नक्षत्र प्रबल होता है, तभी रोहिणी व्रत किया जाता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रोहिणी व्रत का पालन तीन, पांच या सात वर्षों तक लगातार किया जाता है। हालांकि, इसकी उचित अवधि पांच वर्ष, पांच महीने की होती है। इस बार रोहिणी व्रत 6 मार्च यानी बृहस्पतिवार को किया जाएगा।



### जैन समुदाय का महत्वपूर्ण व्रत

रोहिणी व्रत जैन समुदाय के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत में जैन धर्म के अनुयायी व्रत रखकर वासुपूज्य स्वामी की पूजा करते हैं। वैसे तो, इस व्रत को पुरुष और महिलाएं दोनों कर सकते हैं, किंतु महिलाओं के लिए यह व्रत अनिवार्य माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत आत्मा के विकारों को दूर कर कर्म के बंधनों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है। इस व्रत में पूरे विधि-विधान के साथ भगवान वासुपूज्य की पूजा-आराधना की जाती है। ऐसा माना जाता है कि जो भक्त रोहिणी व्रत का श्रद्धापूर्वक पालन करते हैं, वे सभी प्रकार के दुख एवं दरिद्रता से मुक्त हो जाते हैं तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### आती है सुख-समृद्धि

इस दिन व्रत रखने से भगवान वासुपूज्य और माता रोहिणी के आशीर्वाद से घर से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही, उस घर में सदैव धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है और ऋण से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत के करने से पति की आयु लंबी होती है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। वहीं, नवविवाहित महिलाएं पुत्र की प्राप्ति के लिए रोहिणी व्रत करती हैं। इतना ही नहीं, इस व्रत के पुण्य प्रभाव से ईर्ष्या और द्वेष जैसे भाव भी दूर होते हैं तथा घर में सुख-समृद्धि आती है। ध्यान रहे कि इस व्रत का पारण रोहिणी नक्षत्र के समाप्त होने पर मार्गशीर्ष नक्षत्र में किया जाता है, जबकि इसका समापन उद्यापन द्वारा ही किए जाने का विधान है।

### क्या करें और क्या न करें

इस व्रत को करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करने के बाद व्रत करने का संकल्प लेना चाहिए। तत्पश्चात? भगवान श्री सूर्य नारायण को जल अर्पित करना चाहिए। पूजा से पूर्व घर के पूजा-स्थल को स्वच्छ करके वहां भगवान वासुपूज्य की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। सामान्यतः इस व्रत में सूर्यास्त होने से पहले पूजा संपन्न करके फलाहार किया जाता है, क्योंकि इस व्रत में सूर्यास्त के बाद कुछ भी खाना वर्जित होता है। व्रत के अगले दिन पूजा-पाठ करने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। व्रत के दिन भूखों, निर्धनों एवं जरूरतमंदों को दान अवश्य करना चाहिए। साथ ही, व्रत के दौरान व्रती को यथासंभव सहज, सरल एवं सात्विक रहते हुए समय व्यतीत करना चाहिए।

# तुलसी के गमले में सिक्का गाड़ने के पीछे की क्या हैं मान्यताएं

**तुलसी के पौधे का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। क्या आपको पता है कि तुलसी के पौधे में 1 रुपये का सिक्का गाड़ने से क्या होता है? अगर नहीं, तो आइए इस बारे में यहां जानते हैं।**

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पवित्र और पूजनीय माना गया है। देवी-देवताओं के साथ-साथ रोजाना तुलसी पूजा करने का भी विधान है। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां सुख-समृद्धि बनी रहती है। हिंदू धर्म के साथ वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में भी तुलसी के पौधे को अहम माना गया है। ज्योतिष और वास्तु-शास्त्र में ऐसा माना जाता है कि तुलसी के विशेष उपाय करने से जीवन में आ रहे संकटों से निपटा जा सकता है। जी हां, इसी में से एक तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का गाड़ना भी शामिल है। लेकिन, तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का गाड़ने से क्या होता है। आइए जानते है तुलसी से जुड़ी ज्योतिष के बारे में।

तुलसी के पौधे में 1 रुपये का सिक्का गाड़ने से क्या होता है, जानिए



### पारिवारिक सुख-शांति

अगर परिवार के सदस्यों में अक्सर ही झगड़ा और क्लेश होता रहता है, ऐसे में भी तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का गाड़ना शुभ एवं लाभकारी साबित हो सकता है।

दरअसल, तुलसी को सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में तुलसी की मिट्टी में सिक्का गाड़ने से पारिवारिक क्लेश कम हो सकता है और घर में सुख शांति बनी रहती है।

### शनि और राहु दोष

शनि और राहु दोष से मुक्ति पाने के लिए भी तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का गाड़ना शुभ एवं लाभकारी साबित हो सकता है। ऐसी मान्यता है कि जिनकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती या राहु-केतु का नकारात्मक प्रभाव होता है, उन्हें यह उपाय करने से लाभ मिल सकता है।

### आर्थिक तंगी से निजात

ज्योतिषयों के अनुसार, तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का रखने से घर में धन की वृद्धि हो सकती है। कहते है कि जैसे-जैसे पौधा बढ़ता है वैसे-वैसे घर में धन का प्रवाह भी बढ़ता है और माता लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है। इसी के साथ माना जाता है कि घर में आ रही आर्थिक समस्याओं में भी सुधार होता है।

### ऐसे करें तुलसी के पौधे में सिक्का गाड़ने वाला उपाय

ज्योतिष-शास्त्र में ऐसा माना गया है कि तुलसी का कोई भी उपाय स्नान करने और शुद्ध वस्त्र धारण करने के बाद ही करना चाहिए। तुलसी के पौधे की मिट्टी में सिक्का गाड़ने वाला उपाय गुरुवार या शुक्रवार को किया जा सकता है।

तुलसी के पौधे की मिट्टी में एक रुपये का सिक्का गाड़ने के बाद हर दिन नियमित रूप से तुलसी की पूजा करें और घी या तेल का दीपक जलाना भी लाभकारी हो सकता है।

## स्वाधीनता का जज्बा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौर में सत्याग्रह आंदोलन चल रहा था। पंडित जवाहरलाल नेहरू की वृद्ध माताश्री स्वरूप रानी इलाहाबाद में एक जुलूस का नेतृत्व कर रही थीं। एकाएक पुलिस बल ने जुलूस की भीड़ पर लाठियों से आक्रमण कर दिया। अन्य सत्याग्रहियों के साथ स्वरूप रानी के सिर पर भी कुछ लाठियां लगीं। सिर से खून बहने लगा। वे बेसुध होकर गिर पड़ीं। पुलिस ने उन्हें उठाकर आनंद भवन पहुंचा दिया। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही स्वरूप रानी पंडित जवाहरलाल नेहरू से मिलने पहुंचीं। पंडितजी उन दिनों बरेली जेल में बंद थे। अपनी माताश्री स्वरूप रानी के सिर पर लगी चोट के कारण पट्टी बंधी देखी तो उन्हें दुख हुआ। माता स्वरूप रानी ने बेटे को दुखी देखा तो गर्व के साथ बोलीं, 'बेटा जवाहर! चिन्ता मत करो। यह चोट की पट्टी नहीं, यह तो सम्मान का पट्टा है।'

प्रस्तुति - राजकिशन नैन

## सद् गुरु में नारायण दर्शन

अठारहवीं सदी की महिला संत सहजोबाई की गुरुनिष्ठा अटूट थी। वह चरणदासी सम्प्रदाय के संस्थापक संत चरणदास जी की शिष्या थीं। सहजोबाई की गुरु भक्ति से प्रसन्न होकर स्वयं नारायण उसकी कुटिया पर पहुंचे। वह चौंकी, 'नारायण आप!'' हां सहजो, मैं तुम्हारी गुरुभक्ति से अत्यंत प्रसन्न हूं। इसलिए स्वयं दर्शन देने आया हूं।' भगवान ने कहा। 'प्रभु आपने दर्शन देकर बड़ी कृपा की। परन्तु मैंने तो आपके दर्शन की कभी कामना ही नहीं की।' सहजो ने बड़ी सरलता से कहा। भगवान मुस्कुराये, 'सहजो ऐसा तेरे पास क्या है, जो तू मेरे दर्शन की अभिलाषी नहीं है।' सहजो ने कहा, 'मेरे पास मेरा सद्गुरु पूर्ण समर्थ है। नारायण! मैंने आपको अपने सद्गुरु में पा लिया है। मुझे जब भी परमात्म तत्व का दर्शन करना होता है, अपने सद्गुरु के रूप में कर लेती हूं।'' 'तुम धन्य हो सहजो! ईश्वरीय प्रेम अत्यंत दुर्लभ है। वह केवल सद्गुरु के आगे पूर्ण समर्पण से ही मिलता है। जिस शिष्य को अपने सद्गुरु से तुम जैसी प्रीति हो, तुम्हारे जैसी आस्था और विश्वास हो अपने सद्गुरु पर उनके लिए परमात्मा का साक्षात्कार कुछ भी दुर्लभ नहीं है।'

- प्रस्तुतिः डॉ. मधुसूदन शर्मा

# कुंडली में चंद्र दोष है तो सोमवार को जरूर करें ये उपाय

**अगर आप सोमवार को घर में आराम करने या सोने जा रहे हैं, तो हमेशा सिर को दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखें। इससे मानसिक शांति मिलती है और शुभता का अनुभव होता है।**

सोमवार का दिन विशेष रूप से चंद्रमा से जुड़ा होता है, जो मानसिक शांति, सुख और समृद्धि का प्रतीक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस दिन विशेष ध्यान देने से घर में सुख-शांति और समृद्धि आ सकती है। यहां कुछ महत्वपूर्ण वास्तु टिप्स दिए गए हैं जो सोमवार को फॉलो किए जा सकते हैं

### चंद्रमा की पूजा

सोमवार को चंद्रमा की पूजा करना शुभ माना जाता है। इससे मानसिक शांति मिलती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। चंद्रमा के सामने दीपक जलाना और ताजे फूल अर्पित करना लाभकारी होता है।

### गेट और द्वार का ध्यान रखें

घर के मुख्य द्वार को साफ और खुला रखना चाहिए। अगर द्वार पर कोई रुकावट है या गंदगी है, तो इसे तुरंत साफ करें। यह वास्तु के अनुसार घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश सुनिश्चित करता है।

### सोने का दिशा

अगर आप सोमवार को घर में आराम करने या सोने जा रहे हैं, तो हमेशा सिर को दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखें। इससे मानसिक शांति मिलती है और शुभता का अनुभव होता है।

### पीले रंग का उपयोग

सोमवार के दिन पीले रंग का उपयोग करना शुभ माना जाता है। आप पीले रंग की वस्तुएं जैसे कि पर्दे, तकिए या छोटे सजावटी आइटम्स घर में रख सकते हैं, जिससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है।



### सफाई और सुख-साधन

घर की सफाई करना और अव्यवस्था को दूर करना वास्तु के अनुसार विशेष रूप से सोमवार को महत्वपूर्ण होता है। यह घर में ऊर्जा के अच्छे प्रवाह को बढ़ावा देता है।

### पानी का सेवन

चंद्रमा से जुड़ा होने के कारण, पानी का सही समय पर सेवन भी महत्व रखता है। इस दिन पानी को ताजे और स्वच्छ स्थान से भरकर पीने की कोशिश करें।

# रोज़ा रखने से समृद्ध होते हैं मानवीय मूल्य

**रमजान महीना मुस्लिम समुदाय के लिए आत्मनियमन और इबादत का समय होता है, जिसमें रोज़ा रखने का विशेष महत्व है। इस महीने में संयम, दान और इबादत के जरिए आत्मा और शरीर दोनों की शुद्धि होती है।**

शनिवार सायं सूरज डूबने के साथ ही अरबी कैलेंडर के नौवें महीने रमजान की शुरुआत हो गई। मुस्लिम समुदा?य के लिए यह महीना बहुत खास है। इस पूरे महीने में सभी मुस्लिम रोज़ा रखते हैं तथा नमाज व कुरआन का पाठ करते हैं। आत्मनियमन व आत्म-



प्रशिक्षण के लिए यह महीना विशेष महत्व रखता है।

रमज़ान माह में रोज़े का विशेष महत्व है। रोज़ा यानी पूरे दिन कुछ भी नहीं खाया-पिया जाए। इसकी शुरुआत सूरज निकलने के पहले कुछ खा-पीकर की जाती है, जिसे सहरी कहा जाता है। सूरज डूबने पर ही कुछ खाकर रोज़ा पूर्ण होता है। इस प्रक्रिया को इफ्तार करना कहा जाता है। रोज़े की हालत में पूरे दिन बुराइ?यों से परहेज और इबादत के द्वारा ही रोज़ा सम्पन्न होता है। इस माह में कुरआन की अधिक से अधिक तिलावत भी विशेष रूप से की जाती है। रात की नमाज़ में तरावीह के दौरान कुरअम सुनाया जाता है, जिसे अंतिम रोज़े तक पूरा करना होता है।

पूरे रमज़ान को तीन अशरों में विभाजित किया गया है। पहले दस दिन रहमत का अशरा। दूसरा अशरा मगफिरत और अंतिम दस दिन जहन्नुम से मुक्ति। अर्थात् रहमत के अशरे में अल्लाह आपकी इबादतों के बदले आप पर रहमत बरसाता है। दूसरे अशरे से आपकी इबादतों के बदले आपको गुनाहों से माफी मिलती है। तीसरे अशरे में खुदा द्वारा आप पर जहन्नुम आग हराम की जाती है।

इस महीने इबादतों और अन्य कार्यकलापों की बदौलत हर ओर एक अजब ही रौनक दिखाई देती है। मस्जिदों की सजावट और रमज़ान में प्रयोग किए जाने वाले विशेष खाद्य पदार्थों से सजे बाज़ार बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कहीं सेवंई की दुकानें सजी होती हैं तो कहीं खजूर और फलों की ठेलियां। इफ्तार से कुछ समय पूर्व तरह-तरह के पकवान भी बाज़ारों की रौनक बढ़ा देते हैं।

इस माह की यह विशेषता है कि इसकी बरकत से कई लोगों की आय का प्रबंध हो जाता है। रोज़े नमाज से संबंधित कई छोटी-बड़ी वस्तुओं की दुकानें व ठेले लगाकर अतिरिक्त कमाई की जाती है। वहीं इस महीने दान देने का प्रावधान है। लोग अपना व अपने परिवार का सदका अपनी जमा-पूंजी की ज़कात आदि निकालकर निर्धन लोगों की मदद करते हैं।

इस महीने रोज़ा रखने और अतिरिक्त इबादत करने से आत्मा व शरीर दोनों पवित्र हो जाते हैं। रोजा रखने से अनुशासन, सब्र, संयम, प्रेम आदि स्वतः हमारा आचरण का हिस्सा बन जाते हैं।

वहीं यह भी आवश्यक है कि हम कुछ बातों का ध्यान रखें तो ही रोज़े के सही लाभ को ग्रहण कर पाएंगे। सहरी में कार्बोहाइड्रेट, प्रोट्रीन और फाइबर युक्त भोजन का सेवन करने से लंबे समय तक ऊर्जा बनी रहती है। अधिक गरिष्ठ भोजन इस समय लेना उचित नहीं। तली चीज़े लेने से प्यास लग सकती है। पानी का उचित सेवन डिहाइड्रेशन से बचाता है। इसके लिए पानी के अतिरिक्त पानी वाली सब्जियां व फल लेना भी फायदेमंद रहता है। इफ्तार में भी हल्का व पौष्टिक भोजन ही लाभ देगा। डीप फ्रायड चीजें व मसालेदार भोजन से परहेज़ ही उचित है, हल्का व्यायाम और भरपूर नींद का विशेष ख्याल रखा जाए। वहीं शुगर, हाई ब्लड प्रेशर व गर्भावस्था जैसी स्थिति में रोज़ा न रखना ही श्रेयस्कर है। यदि उपर्युक्त बातों का ध्यान रखकर रोज़े रखे जाएं तो निःसंदेह यह हमारे तन-मन के लिए बहुत लाभदायक हैं। वैज्ञानिकों ने भी इनके महत्व को स्वीकारा है। रोज़े से हमारे पाचन-तंत्र को आराम मिलता है। उस वक्त शरीर की बची हुई एनर्जी शरीर के सेल को रिपेयर करने का काम करती है। इससे मधुमेह और रक्तचाप नियंत्रण में सहायता मिलती है। अतः यह निश्चित है कि हम सही तरीकों का प्रयोग करके रमज़ान के महीनों में रोज़े रखकर बहुत से लाभ अर्जित कर सकते हैं।




# भूमि पेडनेकर ने सिनेमाई सफर में निभाए गए किरदार पर की बात

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जिन्हें 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने हाल ही में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में 10 साल पूरे किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के बाद, अभिनेत्री ने अपने सफर में विभिन्न किरदारों को निभाने के बारे में बात की और बताया कि इसने उनके करियर को कैसे आकार दिया है। 'दम लगा के हईशा' में अपने यादगार डेब्यू से लेकर अपनी हालिया भूमिकाओं तक भूमि अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उभरी हैं।

अपनी यात्रा पर भूमि ने कहा, मेरी यात्रा दम लगा के हईशा से शुरू हुई और तब से हर दिन मुझे याद दिलाता है कि मैं कितनी दूर आ गई हूं। इन 10 वर्षों ने मुझे जुनून और खुद पर विश्वास करने की शक्ति सिखाई है। उन्होंने आगे बताया, मुझे कुछ वाकई विविध किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है, मेरी पहली फिल्म में एक अधिक वजन वाली दुल्हन, बधाई दो में एक विचित्र किरदार, भक्षक में न्याय के लिए लड़ने वाली एक पत्रकार, सांड की आंख में उम्र के मानदंडों को चुनौती देने वाली एक अस्सी वर्षीय महिला, बाला में रंग के आधार पर भेदभाव करने का सामना करने वाली एक महिला और थैंक यू फॉर कमिंग में अपनी स्वतंत्रता को अपनाने वाली एक महिला।

अभिनेत्री ने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं। उनके करियर को असाधारण प्रदर्शन को फैंस ने सराहा भी है। जिससे वह बॉलीवुड की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। भूमि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाती हैं, साथ ही वह सीखे गए सबक और अपने करियर को आकार देने वाले अवसरों पर भी विचार करती हैं। कहा जाता है कि अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, क्योंकि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं और समकालीन मुद्दों पर नए दृष्टिकोण पेश करती हैं। हाल ही में भूमि ने अपने 10 साल पूरे होने पर मुंबई में एक खास केक-कटिंग सेरेमनी रखी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया और उनके प्रशंसक शामिल हुए। अभिनेत्री ने ब्लैक पैंट और स्टाइलिश लॉन्ग स्लीव शर्ट पहनी हुई थी।



# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

### क्या है पूरा मामला

28 फरवरी को कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### आरोपों पर बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा, इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

### काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक!

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया।

### सैफ पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही वजह



इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

### रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाई

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

### कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

### फिल्मों का भी हिस्सा बनीं

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।



# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी

फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी।

### पहली बार शिवम नायर से मिले


पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं भी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।

### गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।

### मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।




# रिलीज से पहले कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर, थिएटर के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी धनुष की फिल्म

हाल ही में धनुष की फिल्म कुबेर की रिलीज डेट से पर्दा उठा था। 27 फरवरी को आधिकारिक तौर पर यह खुलासा किया गया कि शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर 20 जून 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म के ओटोटी पार्टनर से पर्दा उठ गया है।

### कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज की तारीख की घोषणा करने के बाद कुबेर ने निर्माताओं ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ फिल्म की ओटीटी साझेदारी कर ली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भारी कीमत पर सभी भाषाओं में कुबेर के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं।

### फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म में धनुष और रश्मिका मंदाना के अलावा जिम सर्भ और अक्किनेनी नागार्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुबेर को श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। कुबेर धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म का संगीत दिया है।

### एक्स पर दी रिलीज डेट की जानकारी

फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर की रिलीज की तारीख। इस पोस्टर में धनुष और नागार्जुन नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा, शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला कुबेर 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।

# आज टाइगर श्रॉफ बेंचमार्क हैं; आप कैसे सर्वाइव करेंगे बॉलीवुड में?

जॉनी गद्दार में अपने डेब्यू के अठारह साल बाद, नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के विकास पर चर्चा करते हैं कि बॉलीवुड कैसे विकसित हुआ है, और इस बात पर जोर देते हैं कि इंडस्ट्री आज अपने अभिनेताओं से कहीं अधिक की उम्मीद करता है। बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे टाइगर श्रॉफ ने फिटनेस और एक्शन में एक नया मानक स्थापित किया है, उन्होंने कहा, बेंचमार्क टाइगर श्रॉफ हैं- तो आप कैसे सर्वाइव करेंगे? बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार के रूप में जाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ ने अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन, बेजोड़ चुस्ती और हैरतअंगेज़ एक्शन सीक्वेंस के साथ स्टारडम को फिर से परिभाषित किया है। चुनौती देने वाले स्टंट से लेकर मार्शल आर्ट को डांस के साथ सहजता से मिश्रित करने तक, टाइगर ने सभी पीढ़ियों के अभिनेताओं के लिए मानक बढ़ा दिए हैं। नील ने आगे इस बात पर जोर दिया कि कैसे इंडस्ट्री अब अभिनेताओं से सिर्फ कलाकार ही नहीं, बल्कि एक्शन हीरो, डांसर और फिटनेस आइकन भी बनने की उम्मीद करता है - एक ऐसा डोमेन जहां टाइगर आसानी से छाए हुए है। वर्तमान में, टाइगर श्रॉफ अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फ्रेंचाइजी की अगले भाग बागी 4 की शूटिंग कर रहे हैं। 5 सितंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ, उम्मीदें आसमान पर हैं क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से एक और एड्रेनालाईन-पैक ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं।



# ओवरलोड वाहनों की अवैध वसूली के खिलाफ ट्रांसपोर्ट एसो. ने खोला मोर्चा

**नोएडा (चेतना मंच)।** ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने डीएम से की शिकायत की है।



एसोसिएशन का आरोप है कि जिले में एआरटीओ व पीटीओ आदि कुछ दलालों की मदद से ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली हो रही है। उनका आरोप है कि टींकू चौधरी, गजराज, मोनू, विकास चौधरी और मूर्सिलीम खान व आदि की मदद से जिले में अवैध वसूली की जा रही है। 10-12 हजार रुपये प्रति गाडी मांगी जाती है।


आरोप है कि यह धंधा बहुत बड़े पैमानें पर किया जा रहा है जिसकी उघाई करोडों में होती है इस प्रकरण में सम्मलित खन्न विभाग के अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी भी है। कुछ अधिकारीयों के कारण राजस्व को बहुत बड़ा नुकसान व सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है। ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन ने मांग की है कि सभी संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करें अन्यथा ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन जिला गौतमबुद्धनगर में अधिकारीयों के खिलाफ बडे स्तर आंदोलन व मोर्चा खोलेगी।

### क्या कहते हैं एआरटीओ

**एआरटीओ उदित नारायण का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ व्यापार अभियान चला रखा है। इसके तहत कई वाहन पकड़े गए तथा मोटा जुर्माना वसूला जा रहा है। यह अभियान लगातार जारी है।**

## प्राधिकरण के जेई अनिल भाटी के दादा का निधन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण में वर्क सर्किल-2 में जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद पर तैनात अनिल भाटी के दादा चौ. दयाराम नंबरदार का कल मंगलवार को निधन हो गया। वे करीब 97 वर्ष के थे। ग्रेटर नोएडा के खानपुर गांव के निवासी चौ.दयाराम नंबरदार के अंतिम संस्कार में सैकड़ों क्षेत्रवासी, परिजन, ग्रामीणों के अलावा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सतीश अवाना समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, पत्रकार तथा नोएडा प्राधिकरण के कई अधिकारी मौजूद थे। उधर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा.लोकेश एम तथा एसीईओ संजय खत्री व सतीश पाल ने चौ. दयाराम नंबरदार के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।



इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के जीएम (जनस्वास्थ्य), एसपी सिंह जीएम (जल एवं सीवर) आर.पी. सिंह, डीजीएम (सिविल) विजय रावल, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल देव सिंह, राजकमल सिंह, अनिल सिंह, राहुल समेत कई एसएम, एपीई, जेई तथा पत्रकार आदि मौजूद थे।

## प्राधिकरण ने अवैध डाग शेल्टर को भेजा नोटिस

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-108 के एक मकान में संचालित अवैध डाग शेल्टर में कर्मचारी पर पिटबुल के हमले के बाद सेक्टर-39 थाना पुलिस ने तीन आरोपितों पर केस दर्ज किया है। वहीं, प्राधिकरण ने भी डाग शेल्टर को अवैध बता उसे हटाने को नोटिस जारी किया है। कर्मचारी का उपचार जारी है। उसके पैर में गहरा घाव है। कुत्ते के नोचने से संक्रमण फैल रहा है। पैर को काटने की नौबत भी आ सकती है। उसकी व उसके स्वजन ने पुलिस को शिकायत नहीं दी है। पुलिस ने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

बता दें कि सेक्टर-108 स्थित सी 100 मकान नंबर में अवैध रूप से डाग शेल्टर संचालित था। शेल्टर में कुत्तों की देखरेख करने वाले कानपुर के विशाल पर पिटबुल ने हमला कर करीब 10 मिनट तक उसके पैर को पकडे रखा। घटना के बाद सेक्टर के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष विनोद शर्मा ने थाना सेक्टर-39 पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में बताया कि सेक्टर में संचालित डाग शेल्टर बंद कराने के लिए मकान मालिक को कई बार अनुरोध किया गया, पर उन्होंने मकान खाली नहीं कराया। डाग शेल्टर में हुई घटना के बाद से लोग दहशत में हैं। शिकायत पर थाना सेक्टर-39 पुलिस ने डाग शेल्टर संचालक देव रावत, शेल्टर पर किराये पर घर देने के लिए मकान मालिक प्रमोद कुमार यादव व शेल्टर होम में पिटबुल को छोड़कर गए उसके अज्ञात मालिक पर केस दर्ज हुआ है।

# लोटस बुलेवर्ड सोसायटी में हुए व्यापक सुधार कार्य

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और खेल सुविधाओं को उन्नत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान योजना को भी सक्रिय रूप से लागू किया जा रहा है।

सोसाइटी के इनडोर स्विमिंग पूल के लिए दो हीट पंप स्थापित किए गए हैं, जिससे पानी का तापमान नियंत्रित रहेगा। इसके अलावा, टॉवर 7 फाउंटेन के लिए नया फिल्ट्रेशन पंप लगाया गया है।

सोसाइटी में क्लब लिफ्टों का अपग्रेडेशन पूरा कर लिया गया है और उनकी AMC कोने (Kone) कंपनी को सौंप दी गई है। साथ ही, 1250 KVA ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया गया है। डीजी अर्थिंग का कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया और इसे पूरे सिस्टम में एकीकृत कर दिया गया है।

निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 700 फायर होज़ कैबिनेट (FHC) के टूटे और गुम हुए शीशों को बदला गया और नए ताले लगाए गए। टॉवर 8 से 16 के ओवरहेड वाटर टैंक का स्वचालन (ऑटोमेशन) पूरा कर लिया गया है, जिससे जल आपूर्ति में सुधार होगा।



इसके अतिरिक्त, निवासियों द्वारा लगाए गए पुराने सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत कर उन्हें फिर से कार्यशील बना दिया गया है।

नए जिम उपकरण खरीदे गए हैं और उनकी स्थापना का कार्य जारी है। स्क्वैश कोर्ट का नवीनीकरण किया जा रहा है। टेबल टेनिस टेबल ऑर्डर कर दी गई हैं। इसके अलावा, नया कार्ड्स टेबल खरीदा गया और स्नूकर टेबल का कपड़ा बदला जा रहा है।

फ्लैट रजिस्ट्री और यूटिलिटी बिल्डिंग से जुड़े कानूनी मामलों को हाईकोर्ट में सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही, बेसमेंट सीढ़ियों की पेंटिंग और अन्य सिविल कार्यों को पूरा किया गया है।

निवासियों को राहत देते हुए, जनवरी 2025 से Xenius बिलिंग शुल्क INR 105 से घटाकर INR 80 प्रति फ्लैट प्रति माह कर दिया गया है।

सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों को केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने की पहल की जा रही है। इस योजना के तहत, पात्र निवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और बीमा लाभ प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोसाइटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, जनरल सेक्रेटरी धर्मवीर यादव, ज्वाइंट सेक्रेटरी गीता नाथ, वाइस प्रेसीडेंट प्रकाश डेमला, अलका वर्मा,सिक्योरिटी और कल्चर इंचार्ज राजेश रस्तोगी, और ट्रेजरार संजीव शर्मा उपस्थित रहे।

# बीसीसीएम ने 'ला पिनोज पिज्जा' के साथ किया अनुबंध



**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड स्किल स्कूल ने ला पिनोज पिज्जा के साथ साझेदारी की है। इस समझौते पर मंगलवार को चंडीगढ़ में हस्ताक्षर किए गए। गौरतलब है कि ला पिनोज पिज्जा भारत की सबसे तेजी से बढ़ती पिज्जा चेन में से एक है। इस साझेदारी का उद्देश्य हॉस्पिटैलिटी और फूड सर्विस इंडस्ट्री के लिए कुशल प्रोफेशनल्स तैयार करना है। इससे न केवल ला पिनोज पिज्जा को देशभर में सक्षम और प्रशिक्षित स्टाफ मिलेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

बीसीसीएम (BCCM) के सीईओ दीपक झा ने इस साझेदारी को युवाओं के लिए बड़ा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह कोलैबोरेशन छात्रों को न केवल नौकरी दिलाने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें एंटरप्रिन्योरशिप, ओवरसीज जॉब्स, हॉस्पिटैलिटी, क्रूज लाइन्स और रिटेल इंडस्ट्री में करियर बनाने का भी अवसर देगा।

ला पिनोज पिज्जा के सीईओ प्रदीप पिल्लई ने कहा कि हमारी कंपनी तेजी से आगे बढ़ रही है। वहीं ला पिनोज पिज़्ज़ा की संस्थापक और सीएमडी सनम कपूर और ईशा कपूर ने कहा कि यह साझेदारी ऐकडेमिक के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगी। जिससे छात्रों को ट्रेनिंग और बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# कजाकिस्तान के मरीज को डाक्टरों ने दिया नया जीवन

**नोएडा (चेतना मंच)।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (नोएडा) के डॉक्टरों ने कजाकिस्तान के (51 वर्षीय) मरीज की जो

### मैक्स के डॉक्टरों ने डीबीएस प्रक्रिया से किया उपचार

पिछले 14 सालों से पार्किंसन बीमारी से जूझ रहा था। उसका डाक्टरों ने सफल इलाज किया है। डाक्टरों ने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) प्रक्रिया के सफल होने के बाद मरीज ने मोबिलिटी पाई और उनके जीवन में सुधार आया है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर के.एम. हसन और मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर रोहित पांडे के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए मरीज की जांच की। ये एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया है।डीबीएस एक न्यूरो मॉड्यूलेशन प्रक्रिया है जिसमें असामान्य ब्रेन सिग्नल को कंट्रोल करने के लिए विभिन्न मस्तिष्क नाभिक में बहुत महीन इलेक्ट्रोड इम्प्लांट किया जाता है। अलग-अलग सिग्नल में पार्किंसंस रोग/डिस्टोनिया/आवश्यक ट्रेमर और मेडिकेशन रिफ्रेक्टरी ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर शामिल हैं।

डॉक्टर के.एम. हसन ने बताया कि मरीज 14 वर्षों से पार्किंसंस रोग से पीड़ित था। मरीज को ट्रेमर, मार्क्ड मोटर उतार-चढ़ाव और डिस्केनेसिया की समस्या थी जो दवाओं से कंट्रोल नहीं हो रही थी. मरीज का वर्षों से दवाओं से इलाज हो रहा था लेकिन बीमारी बढ़ने के कारण दवाएं असर नहीं कर रही थीं. हमने डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) प्रक्रिया के लिए मरीज की जांच-पड़ताल की।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नोएडा में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर रोहित पांडे ने बताया कि जब हमने प्रक्रिया शुरू की, तो रोगी जो प्रक्रिया के दौरान जागा हुआ था, उसे हाथ और पैर के कंपन में तुरंत राहत महसूस होने लगी, साथ ही सर्जरी के दौरान ऑर्गन की कठोरता में काफी कमी आई। ऑपरेशन के बाद मरीज के ट्रेमर में कमी आई, चलना-फिरना ठीक हो गया और रुटीन कामकाज में भी सुधार होने लगा। इसके अतिरिक्त एंटी-पार्किंसंस दवाओं की आवश्यकता काफी कम हो गई, जिससे उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

# देश के 148 विवि. के छात्र एमिटी में जुटे

## पारंपरिक मूल्यों में भारत की शक्ति : डॉ. महेश शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित किये जा रहे 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टीवल ''एमिटी उत्सव 2025'' के विभिन्न सांस्कृति प्रतियोगिताओं के महाकुंभ का शुभारंभ प्रख्यात कुचिपुड़ी कलाकार पद्मश्री डा राजा रेड्डी एवं श्रीमती राधा रेड्डी, गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्मश्री श्रीमती कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अध्यक्ष प्रो विनय पाठक, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर





डा बलविंदर शुक्ला, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की सेक्रेटरी जनरल डा पंकज मित्तल और अतिरिक्त सचिव डा ममता रानी अग्रवाल द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश के 148 विश्वविद्यालयों से लगभग 2500 छात्र हिस्सा ले रहे है।

प्रख्यात कुचिपुडी कलाकार पद्मश्री डा राजा रेड्डी ने कहा कि हम अपने जीवन में भारतीय कला के लिए पूर्णत समर्पित है, प्राचीन समय से भारत अपने गतिशील, जीवंत,और विविध रीति-रिवाजों, भाषाओं और परंपराओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। यह दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसने वेदों, उपनिषदों और भगवद गीता जैसे महाकाव्यों को जन्म दिया है। इसे सार्वभौमिक ज्ञान और पूर्व का अमृत के देश के रूप में भी जाना जाता है। एमिटी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक है और इसने देश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान किया है।

सांसद डा महेश शर्मा ने कहा कि आप युवा हमारे देश का भविष्य और उसकी शक्ति है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में आपका योगदान आवश्यक है। डा शर्मा ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सैकड़ों विश्वविद्यालय हिस्सा ले रहे है और मुझे गर्व है कि यह कार्यक्रम मेरे अपने लोकसभा क्षेत्र की विश्व प्रसिद्ध एमिटी विश्वविद्यालय में हो रहा है। भारत जो विविधताओं का देश है और इसकी असली शक्ति यहां के पारंपरिक मूल्यों में है। आज विश्व में भारत का महत्व केवल राजनितिक रूप से ही नही बल्कि अध्यात्मिक मूल्यों की वजह से बढ़ रहा है।

प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्मश्री श्रीमती नलिनी अस्थाना ने कहा कि कला का साहित्य से, साहित्य का संस्कृती से और संस्कृती का समाज से अनूठा संगम है।

भारतीय विवि संघ (एआईयू) के अध्यक्ष प्रो विनय पाठक ने कहा कि एआईयू और एमिटी मिलकर एक नया इतिहास रच रहे है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में छात्र हिस्सा ले रहे है। 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टीवल ''एमिटी उत्सव 2025'' के समूह गीत (पश्चिमी), सांस्कृतीक नृत्य (भारतीय), वन एक्ट प्ले, शास्त्रीय वाद्य प्रतियोगिता, ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, वक्तृत्व प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, भारतीय स्वर प्रतियोगिता, कोल्लाज प्रतियोगिता और माइम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



